यूटीयू में अपलोड करनी होगी अटेंडेंस

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी तकनीकी विवि से संबद्ध 92 कॉलेजों और संस्थानों में अगले सत्र से हर विषय की अटेंडेस रोज विवि के पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। जिसका सत्यापन भी किया जाएगा। लगातार अटेंडेंस में आ रही गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने ये नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे विवि के निजी संस्थानों में व्यापक स्तर पर हो रहा अटेंडेंस फर्जीवाड़ा भी रुकेगा।

> कई संस्थानों में लगातार ये सामने आ रहा है कि छात्रों की अटेंडेस रेगुलर नहीं भरी जा रही। परीक्षा से पहले रजिस्टर भरकर अटेंडेस पूरी कर ली जाती है। इसे रोकने के लिए निजी संस्थानों को बायोमेट्रिक्स हाजिरी के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। लेकिन नए सत्र से रोजाना की अटेंडेंस भरकर हर संस्थान को विवि के पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इसका सत्यापन भी किया जाएगा। -प्रो. ओंकार सिंह, वीसी यूटीयू

सभी संस्थानों में पूरे सत्र में 75 प्रतिशत अटेंडेंस में ही परीक्षा में बैठ पानें का नियम है, लेकिन यूटीयू से संबद्ध ऐसे कई संस्थान हैं, जिसमें छात्र साल भर नहीं आते और पेपरों से पहले अटेंडेंस रजिस्टर भरकर परीक्षा की परमिशन दे दी जाती है। कुलपति डॉ.ओंकार सिंह ने दून और हरिद्वार के कई संस्थानों में इस तरह की गड़बड़ियां भी पायीं हैं, जिसके बाद उन्होनें सभी संस्थानों को नए सत्र से हर दिन हर विषय की अटेंडेंस विवि के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। ताकि रोजाना अटेंडेस की जानकारी विवि को होगी। इसको विवि कभी भी क्रास चेक या वैरिफाई कर सकेगा। इससे संस्थानों में हो रहा फर्जीवाड़ा भी रुकेगा। वीसी प्रो. ओंकार सिंह ने मंगलवार को हरिद्वारर के दो निजी संस्थानों के औचक निरीक्षण में भी ये बात पायी थी। जिसके बाद उनको अटेंडेस में गड़बड़ियां सुधारने के सख्त निर्देश दिए।